Himachal ABHI ABHI

हिमाचल अभी अभी

नई सोच नई खोज

साप्ताहिक

/himachal.abhiabhi @himachal_abhi

कैसा रहेगा नया साल आप के लिए...

-पढ़ें पेज 4

RNI No. HPHIN/2015/68432 वर्ष 10 अंक 35 कांगड़ा। शनिवार, 28 दिसंबर, 2024-03 जनवरी, 2025 www.himachalabhiabhi.com तदनुसार 14 पौष, विक्रमी संवत् 2081 कुल पृष्ठ 4 मूल्य ₹5 Postal Regn.No. DGPUR/26/24-26

नव वर्ष का करें स्वागत

बुधवार का दिन विघ्नहर्ता श्री गणेश जी की पूजा के लिए है। नए साल की शुरूआत आप गणपति बप्पा की पूजा के साथ करें। आपका पूरा वर्ष मंगलमय हो। गणेश मंदिर में जाकर भगवान गणेश को दूर्वा अर्पित करें। इसके साथ ही भगवान को लड्डू या मोदक का भोग अर्पित करें...

नए साल 2025 का प्रारंभ 1 जनवरी दिन बुधवार से हो रहा है। उस दिन पौष माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि है। इस नए साल का शुभारंभ बुधवार से हो रहा है। बुध के बारे में कहा जाता है कि बुध सबसे शुद्ध होता है। बुध ग्रहों के राजकुमार हैं। ज्योतिष के अनुसार, बुध के शुभ प्रभाव से व्यक्ति के बुद्धि का विकास होता है, बिजनेस में सफलता प्राप्ति के लिए बुध का सही होना जरूरी है। बुध के कारण ही आप सही फैसले ले सकते हैं।

बुध की कृपा पाने के लिए नए साल के पहले दिन स्नान करके हरे रंग का कपड़ा पहनें। हरा रंग बुध ग्रह का शुभ रंग है। इसको पहनने से आपको बुध की कृपा प्राप्त होगी। हरा रंग का कपड़ा नहीं पहन सकते हैं तो हरे रंग की रुमाल ही रख लें।

बुधवार का दिन विघ्नहर्ता श्री गणेश जी की पूजा के लिए है। नए साल की शुरूआत आप गणपति बप्पा की पूजा के साथ करें। आपका पूरा वर्ष मंगलमय हो। गणेश मंदिर में जाकर भगवान गणेश को दूर्वा अर्पित करें। इसके साथ ही भगवान को लड्डू या मोदक का भोग अर्पित करें और अपने जीवन में सुख-समृद्धि की प्रार्थना करें।

दान करना सदैव शुभ माना जाता है। नए साल के दिन किसी जरूरतमंद को भोजन, वस्त्र या अपनी सामर्थ्यानुसार कुछ भी दान करें। यह मान्यता है कि दान करने से घर में समृद्धि आती है और ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

■ पं. कुलदीप शास्त्री